विधान सभा ता. प्र. क्र. - 3006 प्रश्न भाग
प्रश्नकर्ता का नाम - श्री केशव देसाई
सदन में उत्तर देने का दिनांक - 6.8.2025

परिशिष्ट - "अ" [ 6/8/2025]

क्रमांक / सीएमएचओ / 2025 / 5713 प्रश्न सं. [ क. 3006 ] भिण्ड, दिनांक 17.1.2025

प्रति,

1.मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला भिण्ड
2.कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग भवन जिला भिण्ड
3.सहायक यंत्री स्वास्थ्य सेवाये जिला ग्वालियर
4.उपयंत्री एन.एच.एम जिला भिण्ड

विषय :– गोहद क्षेत्र अन्तर्गत मण्डी तिराहे पर नवीन सिविल अस्पताल गोहद निर्माण कार्य की जांच संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि माननीय केशव देसाई विधायक गोहद द्वारा गोहद क्षेत्र अन्तर्गत मण्डी तिराहे पर नवीन निर्माणधीन सिविल अस्पताल गोहद का निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांच हेतु कहा गया था. निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांच हेतु समिती का गठन किया गया है ।

उपरोक्त लेख है कि गोहद क्षेत्र अन्तर्गत मण्डी तिराहे पर नवीन निर्माणधीन सिविल अस्पताल गोहद का निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांच दिनांक 17.04.2025 को जॉच समिती के सभी सदस्य जॉच रिर्पोट कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कों प्रस्तुत करें जिससे आगामी कार्यवाही कि जा सके।

संलग्न उपरोक्तानुसार

कलेक्टर
जिला -- भिण्ड (म.प्र.)

कार्यपालन यंत्री
परियोजना क्रियान्वयन इकाई लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा
भोपाल

विधानसभा [illegible] प्रश्न भाग
प्रश्नकर्ता का नाम - श्री केशव देसाई
सदन में उत्तर देने का दिनांक - 6.8.2025

परिशिष्ट "ब"

# कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन)
## लो.नि.वि. संभाग भिण्ड (म.प्र.)

E-Mail:- piubhind@gmail.com

क्रमांक 751 /कार्य.यंत्री.(भवन) /2023-24/भिण्ड          दिनांक 15-07-2025

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला भिण्ड (म.प्र.)

विषयः- गोहद क्षेत्र अन्तर्गत मण्डी तिराहे पर नवीन सिविल अस्पताल गोहद निर्माण कार्य की जांच के सम्बंध में।

सन्दर्भः- कलेक्टर जिला भिण्ड का पत्र क्रमांक 5793-96 भिण्ड दिनांक 17.04.2025

----xxxx----

उपरोक्त विषयान्तर्गत नवीन सिविल अस्पताल गोहद के निर्माण कार्य की जांच में गठित दल सदस्य श्री संजय विश्वकर्मा सहायक यंत्री स्वास्थ्य सेवायें, श्री अमित शाक्चार उपयंत्री एन.एच.एम. एवं अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा दिनांक 25.06.2025 को उपरोक्त निर्माणधीन सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में किये गये कार्य में उपयोग होने वाली सामग्री जैसे रेत, गिट्टी, स्टील एवं अन्य सामग्री विभाग द्वारा जारी Approve Make List के अनुरूप पाया गया तथा कार्य की मौके पर भवन स्ट्रक्चर का भी प्रथम दृष्टा एवं परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर गुणवत्तायुक्त पाया गया। परन्तु भवन में कही कहीं वर्कमेनशिप की कमी प्रतीत हुई है। जिससे भवन की गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव नहीं पडता हैं। जो कि पूर्व में हुई इनके विभाग द्वारा निरीक्षण में भी वर्कमेनशिप सुधार हेतु निर्देशित किया गया था।

अतः वर्कमेनशिप में हुई कमियों को प्लास्टर कार्य में सही करते हुए कार्य को सम्पन्न कराया जा सकता है। जांच निरीक्षण प्रतिवेदन आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है।

संलग्नः- कार्य फोटोग्राफ, सामग्री परीक्षण रिपोर्ट एवं निरीक्षण रिपोर्ट

संजय विश्वकर्मा
सहायक यंत्री
स्वास्थ्य सेवायें जिला ग्वालियर

अमित .शाक्चार
उपयंत्री
एन.एच.एम. जिला भिण्ड

विपिन सोनकर
कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग भिण्ड (म.प्र.)

कार्यपालन यंत्री
संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा
भोपाल

(2) (2)

# गोहद क्षेत्र अन्तर्गत मण्डी तिराहे पर नवीन सिविल अस्पताल गोहद निर्माण कार्य की जांच के सम्बंध में निर्माण कार्य निरीक्षण रिपार्ट

## परियोजना विवरण

- परियोजना का नाम:100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल गोहद का निर्माण कार्य
- स्थान: गोहद विकास खण्ड गोहद जिला भिण्ड

## निरीक्षण विवरण

- निरीक्षण तिथि: 25/06/2025
- निरीक्षण समय: 11:00 A.M.
- निरीक्षणकर्ता:1.श्री विपिन सोनकर कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग भिण्ड म.प्र.।
  2. श्रीसंजय विश्वकर्मा सहायक यंत्री स्वास्थ्य सेवायें ग्वालियर।
  3. श्री अमित शाक्यवार उपयंत्री एन.एच.एम. जिला भिण्ड ।

## कार्य प्रगति

- कार्य की वर्तमान स्थिति: निरीक्षण दिनांक के समय 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल गोहद कास्ट्रचर के साथ (AAC) ब्लॉक का कार्य पूर्ण होकर प्लास्टर का कार्य प्रग्रतिरत था।

## गुणवत्ता नियंत्रण

निर्माण सामग्री की गुणवत्ता:

1. सरिया– मेक(ब्लूलाइन TMT FE500D) APPROVED IN MPPWD APPROED MATERIAL LIST
2. सीमेन्ट– MYCEM (PPC)APPROVED IN MPPWD APPROVED MATERIAL LIST
3. AAC BLOCK – CLAVECON APPROVED IN MPPWD APPROVED MATERIAL LIST
4. SAND - (ZONE 2 SINDH RIVER SAND (PASSED FOR CONSTRUCTION) SILT CONTENT-2% (PASSED FOR CONSTRUCTION)
5. C.C CUBE -(M-25)- ACHIVED CRUSHING STRENGTH-26.80 N/MM2(PASSED FOR CONSTRUCTION)
6. AGGREGATE- IMPACT VALUE 14.6 (PASSED FOR CONSTRUCTION GRADING (PASSED FOR CONSTRUCTION)

## कार्य की गुणवत्ता:

100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल गोहद स्ट्रक्चर का कार्य प्रथम दृष्टा एवं स्थल पर शासन द्वारा अधिकृत (NABL) मान्यता प्राप्त रिपार्ट तथा स्थल पर किये गये निरीक्षण के आधार पर गुणवत्तायुक्त पाया गया परन्तु चल रहे प्लास्टर कार्य में रेम्प एवं सीढीयों पर प्लास्टर लेवल में नहीं था। जिससे यह प्रतित हो रहा था कि कराये जा रहे प्लास्टर के कार्य में सीमेन्ट एवं रेत का अनुपात सही होने के उपरांत भी उक्त कार्य की वर्कमेनशिप में कमी पाई गई। जिसके सम्बंध में निर्माणस्थल पर उपस्थित साईट इंजीनियर द्वारा कहा गया कि उक्त कार्य प्रगतिरत है इसलिए इसमें सुधार कार्य कराया जा रहा है। भवन में अन्य सभी कार्य जो कि निरीक्षण के समय ओपन थे वह स्थल पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनुमोदित ड्रॉइग के अनुसार किये जा रहें थे।

| संजय विश्वकर्मा | अमित शाक्यवार | विपिन सोनकर |
|---|---|---|
| सहायक यंत्री | उपयंत्री | कार्यपालन यंत्री (भवन) |
| स्वास्थ्य सेवायें जिला ग्वालियर | एन.एच.एम. जिला भिण्ड | लोक निर्माण विभाग भिण्ड (म.प्र.) |

कार्यपालन यंत्री
संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा
भोपाल